दिन– गुरूवार | दिनांक– 11 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. इंडिगो एयर लाइन्स ने तीन दिसम्बर से पांच दिसंबर के बीच उड़ान संकट से प्रभावित यात्रियों को दस हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

02. आर्थिक अपराध इकाई ने बालू और भूमि माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसटीएफ का किया गठन।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश कल से जिलास्तर पर विभागीय योजनाओं की करेंगे समीक्षा। रोहतास से होगी शुरूआत।

04. और, आईपीएल की सोलह दिसम्बर को होने वाली नीलामी में बिहार के चार नये खिलाड़ी शामिल किये गये।

———————————————————————————

इंडिगो एयर लाइन्स ने तीन दिसम्बर चार दिसम्बर और पांच दिसंबर को विमानों के परिचालन बाधा से प्रभावित यात्रियों को दस हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि यह मुआवजा यात्रा वाउचर के रूप में दिया जाएगा। इसका उपयोग अगले बारह महीनों में इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। एयरलाइन ने कहा कि सरकारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत अनिवार्य मुआवजे के अलावा, इंडिगो उन यात्रियों को भी पांच हजार से दस हजार रुपये तक का मुआवजा देगी, जिनकी उड़ानें प्रस्थान से चौबीस घंटे के भीतर रद्द हो गई थीं।

———————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने बालू और भूमि माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष कार्यबल, एसटीएफ का गठन किया है। इसका नेतृत्व डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे। कार्यबल में एसपी स्तर के एक और डीएसपी स्तर के चार अधिकारियों के साथ–साथ पांच पुलिस इंस्पेक्टर शामिल किये गये हैं। नवगठित एसटीएफ विभिन्न जिलों में बालू और भूमि के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल करेगी। साथ ही ऐसे कारोबार से अर्जित की गयी सम्पत्ति को भी जब्त किया जायेगा।

———————————————————————————

पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जिलास्तर पर समीक्षा की जायेगी। समीक्षा बैठक की कल रोहतास से शुरूआत होगी। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया कि वे स्वयं हर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यालय और संबंधित जिलों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मोतिहारी में पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीविका समूह की महिलाओं के साथ संवाद कर दस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि से शुरू किये गये उनके रोजगार के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर में निर्माणाधीन कैफेटेरिया का भी जायजा लिया। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे।

———————————————————————————

राज्यसभा में आज चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस के अजय माकन ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और निर्वाचन आयोग को अपनी विश्वसनीयता बहाल करनी चाहिए। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल के दौरान चुनाव सुधारों पर कभी विचार नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह नहीं समझती की वोट, विश्वास और सम्बंधों के आधार पर मिलते हैं। श्री त्रिवेदी ने कहा कि भारत एकमात्र जीवंत लोकतंत्र है। ईवीएम को लेकर कांग्रेस पार्टी के दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के शासन काल के दौरान ही ईवीएम व्यवस्था शुरू की गई थी।

———————————————————————————

राज्यसभा में राष्ट्र गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर आज फिर चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को इस पर चर्चा आरंभ की थी। चर्चा का समापन करते हुए राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की आत्मा जागृत करने वाला मंत्र है और यह देश की संस्कृति के साथ जुड़ने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम सभी के लिए प्रेरणा का भावनात्मक स्रोत है और देश को एकता के साथ आगे बढ़ाने का मंत्र हैं। श्री नड्डा ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस राष्ट्रीय गीत ने सभी में ऊर्जा का संचार किया।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा कि देश में जल्द ही डिजिटल एड्रेस प्रणाली लागू की जायेगी। राज्य सभा में आज पूरक प्रश्नों के जवाब में संचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि यह एक एकीकृत प्रणाली होगी जिसमें कोई भी अपना पता डाल सकता है और उसे संशोधित कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पता प्रमाणिक होगा और उसे कभी परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। श्री पेम्मासानी ने कहा कि इस

प्रणाली में निजता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और उपयोगकर्ता के पास इसका पूरा नियंत्रण होगा।

———————————————————————————

लोकसभा ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जांच करने वाली समिति का कार्यकाल दो हजार छब्बीस के बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि नई श्रम संहिता के अंतर्गत कारखाना मालिक श्रमिकों को बारह घंटे काम करने के लिए मजबूर करेंगे और उन्हें केवल आठ घंटे का वेतन देंगे। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि अब प्रबंधन ही श्रमिकों के विश्राम समय का निर्धारण भी करेगा। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि ये दोनों दावे झूठे हैं।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार राज्य खाद्य और असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, बीएसएफसी की आधुनिक और पारदर्शी खाद्यान्न परिवहन प्रणाली की सराहना की है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने निगम के जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और लोड मॉनिटरिंग सिस्टम को पूरे देश में सर्वोत्तम और आदर्श मॉडल बताया है।

———————————————————————————

आईआईटी पटना में आज से तीन दिवसीय चौदहवें इंटर आईआईटी टेक मीट की शुरूआत हुई। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने इस मीट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि तकनीक आधारित विकास भारत की प्रगति की नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास ऐसे कई अवसर हैं जिससे देश वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना सकता है। इंटर आईआईटी टेक मीट में देशभर के तेईस आईआईटी से आए छात्र और युवा शोधकर्ता शामिल हो रहे हैं। मीट में प्रतिभागियों ने रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी और उभरती तकनीकों से जुड़ी परियोजनाओं का प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी महाविद्यालयों के स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को इंटर्नशिप करवाई जायेगी। उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर एन.के. अग्रवाल ने बताया कि लगभग दस लाख विद्यार्थी एक साथ इंटर्नशिप करेंगे। इंटर्नशिप इस महीने से अगले वर्ष जनवरी महीने के बीच आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए विभिन्न उद्योग समूहों के साथ समझौता किया गया है। इधर, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत

राज्य की छियासी छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। इन सभी छात्राओं को तमिलनाडु में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। इंटर्नशिप के लिए इंटर पास छात्राओं को नौ हजार रूपये जबकि स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को ग्यारह हजार रूपये सरकार की ओर स्टाईपेंड दिया जायेगा। साथ ही इंटर्नशिप करवाने वाली कम्पनी इन छात्राओं को तेरह हजार चार सौ अस्सी रूपये मासिक स्टाईपेंड देगी।

———————————————————————————

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल की सोलह दिसम्बर को होने वाली नीलामी में बिहार के चार नये खिलाड़ी शामिल किये गये हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से भेजे गये लिस्ट के आधार पर चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें तेज गेंदबाज साकिब हुसैन, मोहम्मद इजहार और साबिर खान के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज बिपिन सौरव के नाम शामिल हैं। वहीं, वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन कर लिया है।

———————————————————————————

पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि रंगदारी मांगने के आरोपी राकेश कुमार ने पुलिस को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी को गोली लगी है, जिसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मौके से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————————

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस से तेरह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। किशनगंज सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौमस पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————————

बिहार सरस मेले का आयोजन कल से पटना के गांधी मैदान में होगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मेले का उद्घाटन करेंगे। यह मेला अट्ठाईस दिसम्बर तक चलेगा। मेले में पच्चीस राज्यों की आजीविका समूह से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। मेले

में हस्तशिल्प, लोककला और देसी व्यंजनों को लेकर प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल लगाये जायेंगे।

———————————————————————————

शिक्षक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों ने आज पटना में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी पुनरीक्षित उत्तर कुंजी जारी करने की मांग कर रहे थे। इधर, पारा मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में पटना स्थित बिहार तकनीकी सेवा आयोग कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

रोहतास जिला पुलिस ने सिपाही चालक भर्ती परीक्षा के दौरान फर्जी मजिस्ट्रेट बनकर परीक्षा केन्द्र में घुसे सॉल्वर गैंग के एक सदस्य समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

बेगूसराय में एसटीएफ की टीम ने लगभग इक्कीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वैन से दो हजार दो सौ पचास लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

औरंगाबाद से पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने रेल संपत्ति चोरी करने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह का खुलासा किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि गिरोह के पन्द्रह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से साढ़े तीन करोड़ रुपए से अधिक के चोरी के समान बरामद किये गये हैं। सभी अपराधी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के दियारा बिंद टोली भेलवा में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित और अर्द्धनिर्मित हथियारों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

महिला और बाल विकास निगम द्वारा संचालित जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध सोलह दिवसीय विशेष अभियान के अंतिम दिन आज प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, सिमरी बख्तियारपुर में जागरूकता सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पदाधिकारियों ने बाल विवाह के उन्मूलन के लिए शपथ ली।

———————————————————————————

शेखपुरा नगर थाना में आज आम लोगों की शिकायतों के निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरीने बताया कि जनता दरबार में चौदह आवेदन मिले। साथ ही कई लोगों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्या रखी।

———————————————————————————

जहानाबाद बुनियाद केन्द्र में श्रम संसाधन विभाग की और से दिव्यांगजनों के लिए नियोजन सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. इंडिगो एयर लाइन्स ने तीन दिसम्बर से पांच दिसंबर के बीच उड़ान संकट से प्रभावित यात्रियों को दस हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

02. आर्थिक अपराध इकाई ने बालू और भूमि माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसटीएफ का किया गठन।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश कल से जिलास्तर पर विभागीय योजनाओं की करेंगे समीक्षा। रोहतास से होगी शुरूआत।

04. और, आईपीएल की सोलह दिसम्बर को होने वाली नीलामी में बिहार के चार नये खिलाड़ी शामिल किये गये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।